204-106443

**204**

**I**

Total No. of Questions - **16**
Total No. of Printed Pages - **4**

Regd. No. | | | | | | | | | | |

**Part -II**
**HINDI - Paper - II**
**(Second Language)**

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 100**

*सूचनाएँ :–*

*(i) **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं।*

*(ii) जिस क्रम में प्रश्न दिए गए हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना **अनिवार्य** है।*

**खण्ड 'क' (60 अंक)**

**I.** **निम्नलिखित दोहे की पूर्ति करते हुए भावार्थ सहित विशेषताएँ लिखिए।** **1×8=8**

तुलसी मीठे............................................ ।
............................................................कठोर ।।

**अथवा**

कागद पर............................................ ।
...................................................की बात ।।

**II.** **किसी एक कविता का सारांश लिखिए।** **1×6=6**

1. हिमाद्रि से
2. कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

**III.** **किसी एक पाठ का सारांश लिखिए।** **1×6=6**

1. आलस्य और दृढ़ता
2. अंधे बाबा अब्दुल्ला

**IV.** **किसी एक एकांकी का सारांश लिखिए।** **1×6=6**

1. रीढ़ की हड्डी
2. सर्प–दंश

V. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 2×4=8

1. डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दुगुना उत्साह इसी हैरानी में।
2. गाँधी–गौतम का त्याग लिए आता है,
शंकर का शुद्ध विराग लिए आता है।
सच है, आँखों में आग लिए आता है,
पर यह स्वदेश का भाग लिए आता है।
3. सफल हो सहज हो तुम्हारा त्याग,
नहीं निष्फल मेरा अनुराग,
सिद्धि है स्वयं साधन–भाग,
सुधा क्या, क्षुधा न जो होती।
4. अराति सैन्य सिन्धु में, सुबाडवाग्नि से जलो।
प्रवीर हो जयी बनो बढ़े चलो, बढ़े चलो!

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं दो गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 2×4=8

1. यदि सोना को अपने स्नेह की अभिव्यक्ति के लिए मेरे सिर के ऊपर से कूदना आवश्यक लगेगा तो वह कूदेगी ही।
2. एक डाकू ने उनकी तोंद पर बल्लम अड़ाकर कहा–जल्दी तिजोरी की चाबी दो, नहीं तो बल्लम पेट के आर–पार हो जाएगा।
3. यह बेमतलब का क्रंदन, बेराग, बेस्वर, सन्नाटे को चीरकर आता हुआ उसके कानों में बहुत अप्रिय लगा।
4. एक आलसी मनुष्य उस घरवाले के समान है जो अपना घर चोरों के लिए खुला छोड़ देता है।

VII. निम्नलिखित में से किन्हीं दो लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2×2=4

1. कौन–सा व्यक्ति संसार में गौरव पा सकता है?
2. बहादुर किसे कहते हैं?
3. मैनेजर साहब ने डाकुओं को क्या जवाब दिया?
4. कुत्ते का स्वभाव क्या है?

VIII. निम्नलिखित में से किसी दो लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2×2=4

1. जल में छिपे बैठे दुर्योधन को युधिष्ठिर ने कैसे पुकारा?
2. शर्मा के अनुसार, डॉक्टर साहब क्या जानना चाहेंगे?
3. पश्चात्ताप के बारे में दुर्योधन ने क्या कहा?
4. उमा किसकी 'रीढ़ की हड्डी' की बात करती है और क्यों?

IX. निम्नलिखित प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर लिखिए। 5×1=5

1. भारत–भर का मित्र कौन है?
2. किसका अनुराग निष्फल नहीं होता?
3. तुलसी की पत्नी का नाम क्या था?
4. प्रसाद जी का प्रमुख काव्य क्या है?
5. किसकी मेहनत बेकार नहीं होती?

**X.** **निम्नलिखित प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर लिखिए।** **5×1=5**

1. देहाती लक्ष्मी कितने रास्तों से भागती है?
2. मैनेजर की कौन आकर पिटाई करते हैं?
3. 'आलस और दृढ़ता' पाठ के लेखक कौन हैं?
4. कितने रुपए सिपाही की कमर में बंधा है?
5. स्निग्ध सुनहरे रंग के कारण सब उसे क्या कहने लगे?

## खण्ड 'ख' (40 अंक)

**XI.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **5×2=10**

अज्ञेय जी का जन्म सन् 1911 ई. में जिला देवरिया के कुशीनगर नामक गाँव में हुआ था। आपका पूरा नाम सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' था। 'अज्ञेय' कवि का उपनाम है। आपकी बाल्यावस्था लखनऊ, कश्मीर, नालंदा, पटना और नीलगिरि आदि में व्यतीत हुई और इसी बीच से इन्होंने संस्कृत, फारसी तथा अन्य भारतीय भाषाओं का अध्ययन किया। मद्रास तथा लाहौर से आपने बी.एस.सी. तथा अंग्रेजी में एम.ए. की परीक्षाएँ उत्तीर्ण कीं। अज्ञेय ने 'दिनमान', 'प्रतीक' तथा 'तार –सप्तक' पत्रिकाओं का संपादन एवं प्रकाशन किया। तार–सप्तक संपादन के साथ हिंदी में प्रयोगवाद का सूत्रपात हुआ। उपन्यास, कहानी तथा निबंध आदि के अतिरिक्त इनकी कुछ काव्य रचनाएँ हैं– भग्नदूत, चिंता, प्रियजन और हरी घास पर क्षण–भर आदि। उपन्यास के क्षेत्र में 'शेखर एक जीवनी' ने उनको विशेष ख्याति प्रदान की। उन्होंने जापान की 'हाइकू' कविताओं का अनुवाद किया था। श्री अज्ञेय का देहांत सन् 1987 ई. में हुआ।

**प्रश्न –**

1. अज्ञेय का जन्म कब और कहाँ हुआ?
2. अज्ञेय का पूरा नाम क्या था?
3. अज्ञेय ने किन–किन पत्रिकाओं का संपादन एवं प्रकाशन किया?
4. अज्ञेय के प्रसिद्ध उपन्यास का नाम क्या था?
5. अज्ञेय ने किनका अनुवाद किया?

**XII.** **निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं पाँच शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए।** **5×1=5**

| | |
|---|---|
| 1. महेश्वर | 2. वनौषध |
| 3. सूक्ति | 4. आच्छादन |
| 5. वाग्दान | 6. प्रातःकाल |
| 7. दिगम्बर | 8. मनोहर |
| 9. संभावना | 10. मुनींद्र |

**XIII.** **निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं पाँच शब्दों के समास का नाम लिखिए।** **5×1=5**

| | |
|---|---|
| 1. नवरत्न | 2. पंकज |
| 3. दाल–रोटी | 4. यथाशक्ति |
| 5. आजीवन | 6. पाप–पुण्य |
| 7. वायुवेग | 8. त्रिवेणी |
| 9. असंभव | 10. सीता पति |

**XIV.** (अ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पाँच वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए। **5×1=5**

1. What is this?
2. Peacock is a beautiful bird.
3. Give respect take respect.
4. Work is Worship.
5. The pen is on the table.
6. Cow gives milk.
7. Don't tell lies.
8. Rama killed Ravana.
9. Ramakanth is a brave boy.
10. Respect your teachers.

(आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पाँच वाक्यों का शुद्ध रूप लिखिए। **5×1=5**

1. जेब पर रुपए है।
2. शेषुकुमार किससे रुपया पूछा?
3. धनराज ने चिट्ठी लिखा।
4. विजयश्री ने फूल लायी।
5. आप आपका नाम बताइए।
6. तुम पढ़ रहे हैं।
7. श्री देवी पाठ पढ़ता है।
8. राम वन जाना पड़ा।
9. देवेश देवेश की पुस्तक पढ़ता है।
10. मैं स्कूल जाता/जाती है।

**XV.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर संक्षिप्तीकरण कीजिए। **1×5=5**

अहिंसा परम धर्म है और हिंसा आपद्–धर्म। मनुष्य बराबर अहिंसा की ओर चलना चाहता है, किंतु परिस्थितियाँ उससे हिंसा कराती है, अर्थात् परम् धर्म की रक्षा के लिए आदमी बराबर आपद्धर्म से काम लेता रहा है। भारत अपनी सेनाओं को विघटित कर दे, तब भी उसका अपमान उससे अधिक होने वाला नहीं, जितना नेफा में हुआ। किंतु परम धर्म पर टिकने का सामर्थ्य भारत में नहीं है, तो आपद्–धर्म पर उसे आना ही चाहिए। व्यावहारतः आपद्–धर्म का विरोधी नहीं, उसका रक्षक है।

**XVI.** निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यों का वाच्य बदलिए। **5×1=5**

1. मोहन ने आम खाया।
2. प्रेमचन्द उपन्यास लिख रहा है।
3. उससे चावल खाया जाएगा।
4. कवि कविता लिखेगा।
5. मुरली रस पीता है।
6. महेश से पुस्तक पढ़ी जाती है।
7. राम ने रोटी खाई।
8. कृष्ण से बाँसुरी बजायी जाती है।
9. शारदा पाठ पढ़ती है।
10. आप नहीं उठेंगे।

---



204-1106443